शासकीय नवीन विधि महाविद्यालय, इन्दौर

जी.ए.सी.सी. परिसर, भँवरकुआ, ए.बी.रोड, इन्दौर

प्रकाशनार्थ

प्रति,

सम्पादक महोदय्

....

इन्दौर

आज दिनांक 10 दिसम्बर 2020 को शासकीय नवीन विधि महाविद्यालय, इन्दौर में ऑनलाईन वेबीनार के माध्यम से अर्न्तराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस वेबीनार में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में श्रीमती मनीषा पाठक सोनी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, इन्दौर उपस्थित रही । कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. इनामुर्रहमान द्वारा की गई ।

इस मौके पर विद्यार्थीयों द्वारा अपने विचार प्रकट किये गये । महाविद्यालय शैक्षणिक सदस्यों ने भी अपने विचार इस मौके पर प्रकट किये । डॉ. मिर्जा मोजिज़ बेग सहायक प्राध्यापक ने अपने सम्बोधन में मानव के अधिकारों पर प्रकाश डाला और संविधान द्वारा बताये गये अधिकारों का उपयोग किस प्रकार से करना चाहिये । इस पर विचार विमर्श किया ।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्रीमती मनीषा पाठक सोनी (अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, इन्दौर) ने अपने सम्बोधन में कहा कि मानव के सर्वांगीण विकास के लिये मानवाधिकार महत्वपूर्ण है। महिलाओं के अधिकार और मानवाधिकारों के बढावा देने में विधि के विद्यार्थी किस प्रकार सहयोग कर सकते है और पी.पी.टी. के माध्यम से भी मानवाधिकारो के बारे में जानकारी प्रस्तुत की। कार्यक्रम के अध्यक्षीय उद्‌बोधन में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. इनामुर्रहमान जी ने कहा कि अपने मौलिक अधिकारों का उपयोग करने के साथ ही दूसरे के मौलिक अधिकारों का संरक्षण करना भी प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है तथा भारत में मानव अधिकारों के संरक्षण के लिये बनाये गये कानून की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन छात्र विजयदीप एवं महाविद्यालय की छात्रा श्रेया जैन द्वारा किया गया। आभार कार्यक्रम अधिकारी, एन.एस.एस. ज्योति शर्मा द्वारा प्रस्तुत किया गया । इस कार्यक्रम में एन.एस.एस. कार्यक्रम प्रभारी प्रो. पवन कुमार भदौरिया, सहायक प्राध्यापक, सहायक कार्यक्रम अधिकारी मिलिन्द कुमार गौतम और महाविद्यालय के समस्त शैक्षणिक सदस्य एवं लगभग 150 विद्यार्थियों ने वेबीनार के माध्यम से अपनी सहभागिता की।

(डॉ. इनामुर्रहमान)
प्राचार्य,
शासकीय नवीन विधि महाविद्यालय, इन्दौर